आज दिनांक 15.09.2018 को IQAC समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें निम्नांकित सदस्य उपस्थित थे :–

1. डॉ. एस.एल. निराला
2. डॉ. बी.एल. गोयल
3. डॉ. आर.एस. खेर
4. डॅ. पी. पांडे
5. डॉ. किरण बाजपेयी
6. डॉ. कुसुम तिवारी
7. डॉ. शुभदा रहालकर
8. डॉ. शारदा कश्यप
9. डॉ. सीमा मिश्रा
10. श्रीमती पी. तांडी
11. डॉ. एस.एम. रात्रे जी
12. श्री हरीश केडिया
13. श्रीमती कावेरी दाभड़कर
14. डॉ. ए.पी. गोस्वामी
15. डॉ. रूबी मल्होत्रा

सर्वप्रथम प्राचार्य ने सभी सदस्यों का स्वागत किया । तत्पश्चात IQAC Coordinater द्वारा पिछली बैठक के कार्यवृत्त का वाचन किया गया । आज की बैठक में प्रस्तावित प्रस्ताव व निर्णय निम्नानुसार है :–

प्रस्ताव 1 :– महाविद्यालय की शोध पत्रिका प्रकाशन माह मार्च–अप्रैल में महाविद्यालय के विभागाध्यक्षों की बैठक में यह सुझाव आया था कि महाविद्यालय 'ए' ग्रेड प्राप्त है, विभिन्न विषयों में शोध केन्द्र है, महाविद्यालय में प्राध्यापक शोध संगोष्ठियों में सक्रिय सहभागिता रखते है। अतः इस उपक्रम में शोधपत्रिका का जो अंतरा अनुशासिक हो, प्रकाशन किया जाना चाहिए ।

**निर्णय – अनुमोदित ।**

**प्रस्ताव 2 :–** महाविद्यालय के अकादमिक उन्नयन एवं अध्ययन अध्यापन में ICT के अनुप्रयोग को ध्यान में रखते हुए गत वर्ष प्रस्तुत प्रस्ताव, जो क्रियान्वित नहीं हो सका पुनः समिति के समक्ष विचारार्थ रखा गया ।

निर्णय – डॉ. सीमा मिश्रा (Rusa अधिकारी) में सूचना दी कि शासन को 4 Projects व Smart Board का प्रस्ताव भेजा गया है। प्राचार्य ने सभी सदस्यों को विश्वास

दिया कि जिन विभागों में Projector है उन्हें एक सप्ताह के भीतर PG Classes में Installed किया जावेगा। Principal इस कार्य हेतु समिति निश्चित करेंगें वह इस कार्य का संपादन करेगी । सदस्यों की पूर्ण सहमति के साथ प्रस्ताव पारित।

प्रस्ताव 3 :– महाविद्यालय में खेल मैदान, बॉस्केट बॉल मैदान व Indoor Stadium की कमी को देखते हुए इस प्रस्ताव को रखा गया साथ ही कम्प्यूटर के रखरखाव, सुधार संबंधी कार्यो के संपादन का प्रस्ताव समिति के समक्ष रखा गया ।

निर्णय – समिति ने प्रस्ताव अनुमोदित किया एवं महाविद्यालय के अधोसंरचना के संदर्भ में निम्न बिंदु सदस्यों द्वारा रखे गये :–

1. छात्राओं को खेलकूद से ज्यादा से ज्यादा जोड़ना चाहिये।
2. मॉडल College के Proposal में Stadium का प्रस्ताव पारित।
3. सारे विषय की Lab अच्छी होनी चाहिये । रसायन शास्त्र विषय की लेब में छात्रों की संख्या के अनुरूप होना आवश्यक है अन्यथा दुर्घटना हो सकती है।
4. खेल के मैदान का किसी अन्य विभाग द्वारा अतिक्रमण न हो इस हेतु महा प्रबंधन को सचेत रहना चाहिये।
5. स्वयंप्रभा DIS System लगाकर Smart Class बनाना चाहिये।
6. महाविद्यालय के बौद्धिक संपदा का उपयोग क्षेत्र के विकास के परिप्रेक्ष्य में हो, शोध के क्षेत्र में हो इस उद्‌देश्य के लिए एक ज्ञान केन्द्र की रचना की जानी चाहिए जिसमें नये उद्यमियों व शोधार्थियों को मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

प्रस्ताव 4 :– महाविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में Reading Room का प्रस्ताव रखा गया।

निर्णय – प्राचार्य द्वारा आश्वासन दिया गया कि वर्तमान में जो Library भवन है, वह नये भवन में Shift होगा तथा वहां Reading Room की व्यवस्था रहेगी । प्रस्ताव पारित।

प्रस्ताव 5 :– महाविद्यालय के आडिटोरियम में बेसिक सुविधाओं, साज सज्जा, नवीनीकरण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

निर्णय – प्रस्ताव पारित व अनुमोदित । प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय विकास मद से इस कार्य को संपादित करने का आश्वासन ।

प्रस्ताव 6 :– प्रस्ताव 6 के रूप में महाविद्यालय में सत्र 2018–19 की वार्षिक गतिविधियों के प्रस्तावित कार्यक्रम रखे गये जो निम्नानुसार है :–

(A) अकादमिक अध्ययन–अध्यापन

1. अतिथि व्याख्यान।
2. कार्यशाला/सेमीनार का आयोजन ।
3. महाविद्यालय पत्रिका प्रकाशन ।
4. विद्यार्थी सेमीनार/परियोजनाएं
5. क्षेत्र विस्तारित गतिविधियां (गृह विज्ञान, भूगोल, प्राणीशास्त्र, वनस्पति शास्त्र, रसायन, राजनीति शास्त्र इत्यादि।
6. PPT के माध्यम से अध्यापन ।
7. महाविद्यालय में माह अक्टूबर में व्याख्यान मालों का आयोजन।
8. समसामयिक शासकीय आदेशों के परिपालन में छात्राओं के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन ।
9. एन.एस.एस./एन.सी.सी. के Banner में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन ।

(B) सांस्कृतिक, साहित्यिक –

1. महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन।
2. महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों सरस्वती पूजा नये छात्राओं के लिए स्वागत समारोह, शिक्षक दिवस, विभागीय परिषदों का उद्‌घाटन, राष्ट्रीय पर्व का आयोजन इत्यादि।
3. वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ।

(C) सामाजिक सरोकार –

1. राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में छात्राओं द्वारा समाज कार्य।
2. जनजागरूकता अभिमान (भूगोल विभाग)
3. ग्रामीण स्वास्थ्य परीक्षण (गृह विज्ञान विभाग
4. वृद्धाश्रम/मानसिक रूप से कमजोर जनों की संस्था को यथासंभव सहायता करें । शासन द्वारा समय–समय पर

जारी अधिसूचनाओं के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां यथा स्वच्छता दिवस, पर्यावरण संरक्षण।

5. गोद ग्राम पांड अथवा बैमा नगोई में अवलोकन व अन्य कार्यो का संपादन ।

(D) शैक्षणिक भ्रमण –

1. भूगोल विभाग, वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा स्थानीय अथवा दूरस्थ क्षेत्रों के प्राकृतिक स्वरूपों, जैव विविधता एवं अन्य प्राकृतिक घटनाओं के अध्ययन हेतु शैक्षणिक भ्रमण।
2. रसायन शास्त्र विभाग की छात्राओं द्वारा स्थानीय अथवा समीपस्थ औद्योगिक क्षेत्र/प्रयोगशाला कार्यक्रम।
3. गृह विज्ञान विभाग के छात्राओं की विस्तार गतिविधियां।
4. भूगोल विभाग के छात्राओं का ग्रामीण क्षेत्रों में स्व–आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य।

(E) फीडबैक 2018–219 –

एम.ए. (50), एम.एस.सी., एम.कॉम (50), बी.ए. (150), बी.एस–सी. (150), बी.सी.ए. इस तरह से Feed back form भरवाये जायेंगें । साथ ही एल्युमुनी एवं पालकों से भी फीडबैक लिये जायेंगें ।

प्रस्ताव 7 :– प्रस्ताव क्रमांक 8 के रूप में अध्यक्ष की अनुमति से डॉ. कावेरी दाभड़कर ने प्रस्ताव रखा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिये Counselling (स्वास्थ्य, सामान्य/अध्ययन आदि) होनी चाहिये। छात्राओं से से भी यह जानकारी प्राप्त हुई । अतः परामर्श केन्द्र प्रारंभ करना चाहिये । यद्यपि महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा समय–समय पर छात्राओं को परामर्श दिया जाता है। गृह विज्ञान एवं मनोविज्ञान विभाग के द्वारा यह कार्य किया जाना चाहिये। प्रस्ताव पारित ।

प्राचार्य

संयोजक